**SET-4**

**Series ЄABA€/C**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# मनोविज्ञान

# PSYCHOLOGY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 35*

***सामान्य निर्देश :***

*कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग** और **घ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **3** तक **तीन** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **4** से **6** तक **तीन** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **7** से **10** तक **चार** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में एक व्यक्ति अध्ययन है । इस व्यक्ति अध्ययन पर आधारित **2** प्रश्न हैं, प्रश्न संख्या **11** और **12** । प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए । दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** एक युवक आक्रामक व्यवहार करता है, जो मनुष्यों या पशुओं को नुकसान पहुँचाने वाले या नुकसान की धमकी देने वाले होते हैं और वह नियमों का उल्लंघन करता है । ये लक्षण किसका संकेत करते हैं ? आक्रामक व्यवहार के दो अन्य प्रकारों का उल्लेख कीजिए । *2*

**2.** (क) अभिवृत्ति परिवर्तन को प्रभावित करने वाली दो स्रोत विशेषताएँ कौन-सी हैं ? *2*

**अथवा**

(ख) द्विस्तरीय संप्रत्यय के अनुसार अभिवृत्ति में परिवर्तन किन स्तरों या चरणों में होता है ? *2*

**3.** मूल्य और विश्वास अभिवृत्ति से किस प्रकार भिन्न होते हैं ? *2*

***General Instructions :***

*Please read the instructions carefully.*

*(i)* *There are **12** questions in this question paper.*

*(ii)* *This question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

*(iii)* ***Section A** has **three** questions, from Questions No. **1** to **3**, carrying **2** marks each. Answers to these questions should not exceed **40** words.*

*(iv)* ***Section B** has **three** questions, from Questions No. **4** to **6**, carrying **3** marks each. Answers to these questions should not exceed **80** words.*

*(v)* ***Section C** has **four** questions, from Questions No. **7** to **10**, carrying **4** marks each. Answers to these questions should not exceed **120** words.*

*(vi)* ***Section D** has one case study. There are **2** questions based on this case study, Questions No. **11** and **12**. Each question carries **2** marks. Answers to these questions should not exceed **40** words. Answer both questions.*

## SECTION A

**1.** A young man shows aggressive actions that cause or threaten harm to people or animals and indulges in serious rule violations. What are these symptoms indicative of ? Mention two other types of aggressive behaviour. *2*

**2.** (a) What are the two source characteristics that affect attitude change ? *2*

**OR**

(b) What are the steps in which attitude change takes place according to the two-step concept ? *2*

**3.** How do values and beliefs differ from attitudes ? *2*

## खण्ड ख

**4.** अपने जीवन में आई वर्तमान चुनौतियों के कारण, अलवीरा अकसर अपने आप से प्रश्न पूछती है कि जीवन में उसका क्या उद्देश्य/लक्ष्य है या उसके जीवन का क्या प्रयोजन है ? वह एक चिकित्सक से परामर्श करती है क्योंकि उसे अपना-वर्तमान जीवन अर्थहीन और अप्रामाणिक लगता है । स्पष्ट कीजिए कि मानवतावादी-अस्तित्वपरक चिकित्सक उसके कष्ट को कैसे कम करेगा और उसे पूर्णता की भावना प्राप्त करने में कैसे मदद करेगा । *3*

**5.** शाहिद एक दुबला-पतला लड़का है लेकिन वह खुद को मोटा और अधिक वजन वाला समझता है । वह खाने से मना कर देता है और कई-कई दिन भूखा रहता है । ये किस विकार के विशिष्ट लक्षण हैं ? इसके अन्य प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । *3*

**6.** (क) जब समूहों का निर्माण होता है, वे कुछ विकासात्मक अनुक्रमों या अवस्थाओं से गुज़रते हैं । किसी उदाहरण की सहायता से इन अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) समूह निर्माण की प्रक्रिया के दौरान, समूह के सदस्यों की अंतःक्रिया के कारण समूह भी एक संरचना विकसित करते हैं । उदाहरणों की सहायता से समूह संरचना के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों की चर्चा कीजिए । *3*

## खण्ड ग

**7.** (क) सात साल का एक बच्चा कक्षा में हानिकारक और आक्रामक व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है । उसके अध्यापक उसका व्यवहार सुधारने के लिए किन तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं ? चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) चिकित्सात्मक संबंध की मुख्य विशेषताओं और विशेष गुणों की व्याख्या कीजिए । *4*

**8.** (क) सामान्य दुश्चिंता विकार में कब बदल जाती है ? अपसामान्य व्यवहार की व्याख्या करने वाले किन्हीं तीन मनोवैज्ञानिक मॉडलों की चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) तंत्रिकाजन्य विकार क्या हैं ? स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार से संबंधित लक्षणों की व्याख्या कीजिए । *4*

## SECTION B

**4.** Due to the present challenges in her life, Alvira finds herself quite often asking questions like – What is her aim in life or the purpose of her life ? She consults a therapist as she finds her present life meaningless and inauthentic. How will the humanistic-existential therapist alleviate her distress and help her to achieve a sense of wholeness ? Explain. *3*

**5.** Shahid is a thin boy but he sees himself as fat and overweight. He refuses to eat and starves himself for days. These symptoms are typical of which disorder ? Explain its other types. *3*

**6.** (a) When groups are formed, they pass through some developmental sequences or stages. Explain these stages with the help of an example. *3*

**OR**

(b) During the process of group formation, groups also develop a structure as members interact. Discuss the important elements of group structure with the help of examples. *3*

## SECTION C

**7.** (a) A seven-year-old child is showing disruptive and aggressive behaviour in the class. What techniques can her/his teachers use to help modify the child's behaviour ? Discuss. *4*

**OR**

(b) Explain the main characteristics and unique properties of a therapeutic relationship. *4*

**8.** (a) When does normal anxiety turn into a disorder ? Discuss any three psychological models to explain abnormal behaviour. *4*

**OR**

(b) What are neurodevelopmental disorders ? Explain the symptoms associated with Autism spectrum disorder. *4*

**9.** एक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के समूहों का सदस्य हो सकता है । उदाहरणों की सहायता से, लोगों से संबंधित इन समूहों के प्रमुख प्रकारों की चर्चा कीजिए । *4*

**10.** अब्दुल का मानना है कि बाहरी लोक के कुछ प्राणियों (एलियंस) द्वारा उसके मस्तिष्क में एक चिप प्रत्यारोपित कर एक उपग्रह द्वारा उसकी गतिविधियों को नियंत्रित किया जा रहा है । इस विकार की पहचान कीजिए और इसके अन्य लक्षणों का स्पष्टीकरण कीजिए । *4*

**खण्ड घ**

निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

वहाँ बसे सभी भारतीयों को अवमानना के साथ बिना भेद के "कुली" कहा जाता था और वे फुटपाथ पर नहीं चल सकते थे या रात में बिना परमिट के बाहर नहीं रह सकते थे ।

महात्मा गाँधी ने जल्द ही दक्षिण अफ्रीका में पनप रहे रंग-भेद को जान लिया और समझ गए कि भारतीय होने के नाते उन्हें भी इसका सामना करना पड़ रहा है । एक विशेष रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों ने प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद उन्हें गाड़ी से बाहर जाने का आदेश दिया । यात्रा के अगले चरण में बग्घी के श्वेत कोचवान ने उनकी कनपटी पर मार दिया । जोहेन्सबर्ग के एक होटल ने उन्हें अपने यहाँ ठहरने नहीं दिया । भारतीयों को आमतौर पर नाटाल में जमीन के मालिक होने की मनाही थी, जबकि मूल निवासी लोगों के लिए स्वामित्व अधिक जायज़ था ।

सन् 1894 में नाटाल बार एसोसिएशन ने जाति के आधार पर गाँधी को अस्वीकार करने का प्रयास किया । सन् 1897 में भारत से लौटते हुए उस समय डरबन में जहाज़ से उतरते हुए उन्हें पीट-पीटकर लगभग मार डाला गया था, जब उन्हें, उनके परिवार व 600 अन्य भारतीयों को कथित तौर पर प्लेग कीटाणुग्रस्त होने के चिकित्सा-भय के कारण बलपूर्वक अलग-थलग रखा गया था ।

**11.** पूर्वाग्रह और भेदभाव में क्या अंतर है ? उपर्युक्त व्यक्ति अध्ययन में वर्णित घटनाओं के आधार पर, पूर्वाग्रह और भेदभाव का उदाहरण देने वाली एक-एक स्थिति की पहचान कीजिए । *2*

**12.** आपके अनुसार इन पूर्वाग्रहों का स्रोत क्या हो सकता है ? किन्हीं दो स्रोतों की व्याख्या कीजिए । *2*

**9.** A person may be a member of different types of groups. With the help of examples, discuss the major types of these groups that people belong to. *4*

**10.** Abdul believes that his actions are being controlled by a satellite through a chip implanted in his brain by some aliens. Identify the disorder and explain its other symptoms. *4*

## SECTION D

Read the following case study and answer the questions that follow : *4*

All the Indian settlers were contemptuously and without distinction dubbed "coolies" and forbidden to walk on footpaths or be out at night without permits.

Mahatma Gandhi quickly discovered colour discrimination in South Africa and confronted the realisation that being Indian subjected him to it as well. At a particular train station, railway employees ordered him out of the carriage despite his possessing a first-class ticket. Then on the stagecoach for the next leg of his journey, the coachman, who was white, boxed his ears. A Johannesburg hotel also barred him from lodging there. Indians were commonly forbidden to own land in Natal, while ownership was more permissible for native-born people.

In 1894, the Natal Bar Association tried to reject Gandhi on the basis of race. He was nearly lynched in 1897 upon returning from India while disembarking from a ship moored at Durban after he, his family, and 600 other Indians had been forcibly quarantined, allegedly due to medical fears that they carried plague germs.

**11.** What is the difference between prejudice and discrimination ? On the basis of the incidents in the above case study, identify a situation for each which are examples of prejudice and discrimination. *2*

**12.** What do you think could have been a source of these prejudices ? Explain any two sources. *2*